# कक्षा 3

# हिन्दी

# पाठ-1 'देश की माटी'

प्रश्नः1 'देश की माटी' कविता के कवि हैं?
(क) सोहन लाल द्विवेदी
(ख) गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर
(ग) उदयभानु हंस
(घ) कोई नहीं।
उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा हमारा राष्ट्रगान रचा गया था, वह था--
(क) जन गण मन
(ख) वंदेमातरम्
(ग) सारे जहां से अच्छा हिंदूस्तान हमारा
(घ) राष्ट्रगीत
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 'देश की माटी' में माटी शब्द ................ है।
(क) तत्सम (ख) तद्भव
(ग) देशज (घ) विदेशी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 देश के जल और फल कैसे बनें?
(क) सरस (ख) विमल
(ग) जलज (घ) सरल
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 सरल बनें प्रभु सरल बनें (क्या सरल बनें?)
(क) देश की माटी (ख) देश के वन
(ग) देश की हवा (घ) देश का जल
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 देश के घर के भाई-बहन, ---- बनें प्रभु---- बनें
(क) मधुर (ख) आसान
(ग) प्यारे (घ) विमल
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 देश के वन और ---------
(क) देश के तन (ख) देश के फल
(ग) देश के मन (घ) देश के बाट
उत्तरः (घ)

प्रश्नः8 'विमल बनें प्रभु विमल बनें' पंक्ति में विमल से अभिप्राय है -
(क) नाम (ख) कमल
(ग) कोमल (घ) साफ
उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 देश के घर और देश के घाट,
देश के वन और देश के बाट,
उपरोक्त पंक्ति में घाट और बाट में क्या हैं?
(क) लयबद्धता (ख) तुकबंदी
(ग) उपरोक्त दोनों (घ) केवल 2
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 हवा देश की देश के फल
इस पंक्ति में हवा शब्द का अर्थ है वायु।
हवा के और भी कई नाम हैं जैसे --
(क) समीर (ख) समर
(ग) अनिल (घ) अनल
क. केवल क और ग ख. केवल ख और ग
ग. केवल ग और घ घ. केवल क और ख
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 कवि इस कविता में किस देश की बात कर रहे हैं?
(क) हरियाणा (ख) भारत
(ग) कन्याकुमारी (घ) देश
उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 हमारे देश का नाम है -
(क) हरियाणा (ख) दिल्ली
(ग) भारत (घ) पंजाब
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 हमारे देश भारत की राजधानी का क्या नाम है?
(क) चंडीगढ़ (ख) हिमाचल
(ग) नई दिल्ली (घ) हरियाणा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 हमारा राष्ट्रगान है ?
(क) वंदे मातरम् (ख) सारे जहां से अच्छा
(ग) जन-गण-मन (घ) ऐ मालिक
उत्तरः (ग)

# पाठ-2 'साझे की खेती'

प्रश्नः1 'साझे की खेती' पाठ में किन पक्षियों का नाम आया है?
(क) चिड़िया और कबूतर का
(ख) चिड़िया और कोयल का
(ग) चिड़िया और कौए का
(घ) कौए और कबूतर का
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 चिड़िया कैसी थी ?
(क) मेहनती और भोली-भाली
(ख) आलसी
(ग) कामचोर
(घ) चालाक
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 चिड़िया ने अपने घोंसलें में क्या-क्या जमा किया ?
(क) कतरनें (ख) धागे और सुतलियां
(ग) उपरोक्त दोनों (घ) केवल ख
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 एक दिन उसी पेड़ पर कौन आ बैठा?
(क) उल्लू (ख) कोयल
(ग) कबूतर (घ) कौआ
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 कौआ बहुत --- था ?
(क) अच्छा (ख) गंदा
(ग) चालाक (घ) मेहनती
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 कौए ने चिड़िया से क्या करने को कहा ?
(क) घोंसला बनाने को
(ख) दूसरे पेड़ पर जाने को
(ग) उड़ने को
(घ) खेती करने को
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 --- का मौसम बीत गया ?
(क) सरदी (ख) बारिश
(ग) गरमी (घ) पतझड़
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 खेत में किस की बिजाई की गई?
(क) चना (ख) सरसों
(ग) गेहूं (घ) बाजरा
उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 बाजरा एक ----- है।
(क) फल (ख) अनाज
(ग) दाल (घ) मसाला
उत्तरः (ख)

प्रश्नः10 चिड़िया के बुलाने पर कौए ने क्या कहा ?
(क) तू चल मैं आता हूं
(ख) पहले मैं जाऊंगा तू बाद में
(ग) हम दोनों साथ चलेंगे
(घ) मैं नहीं आता
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 धीरे-धीरे बाजरे के ---- निकल आए।
(क) पंख (ख) बाली
(ग) बीज (घ) सिरटे
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 चिड़िया ने अकेले क्या-क्या किया ?
(क) केवल बिजाई
(ख) केवल बिजाई, लामणी
(ग) केवल लामणी और मढ़ाई
(घ) हल चलाना, बीज बोना, लामणी और मढ़ाई सब
उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 बँटवारे में कौए ने कौन सी ढेरी चुनी ?
(क) बाजरे की (ख) बबूले की
(ग) भूसे की (घ) दोनों
उत्तरः (ख)

प्रश्नः14 किस की खिचड़ी खा कर 'फूल-फूल कोठी हो जाए ?
(क) चावल की (ख) मूंग की
(ग) बाजरे की (घ) गेहूं की
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 साँझ (शाम) को चिड़िया ने बाजरे का क्या बनाया ?
(क) खिचड़ी (ख) राबड़ी
(ग) रोटी (घ) खिचड़ी और राबड़ी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 बाजरे की राबड़ी कैसी लगी ?
(क) खट्टी (ख) मीठी
(ग) कसैली (घ) तीखी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः17 राबड़ी को किस-किस ने खाया ?

(क) चिड़िया ने
(ख) चिड़िया और कौए ने
(ग) चिड़िया और उसके बच्चों ने
(घ) कौए और चिड़िया के बच्चों ने

उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 चिड़िया के खेत चुनने से लेकर फसल पकने तक के कामों को क्रमानुसार लगाएं तो इस प्रकार होगा -

(क) हल चलाना, बीज बोना, लामणी, मढ़ाई
(ख) हल चलाना, बीज बोना, मढ़ाई, लामणी
(ग) बीज बोना, हल चलाना, मढ़ाई, लामणी

I केवल क    II केवल ख
III केवल ग और घ    IV कोई भी नहीं

उत्तरः (II)

प्रश्नः19 गलत युग्म छांटो ?

(क) बिजाई- बीज बोना
(ख) सिरटें - बाजरे का दानेदार हिस्सा
(ग) लामणी - अनाज और भूसा अलग-अलग करना
(घ) बबूला - बाजरे का भूसा

I केवल क    I केवल ग और घ
III केवल ग    IV घ

उत्तरः (ग)

# पाठ-3 'इठलाती बूंद'

प्रश्नः1 'नन्हीं - सी बूँद' में नन्हीं से अभिप्राय है -
(क) बौना (ख) नया
(ग) छोटी (घ) बौनी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 'नन्हीं सी बूँद ' कहाँ पर झूलती-झूमती इठला रही थी?
(क) नदिया के किनारे (ख) तालाब की लहरों पर
(ग) सागर की लहरों पर (घ) अपने मन में
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 बूँद किसके संग आसमान में उड़ने का मन में सोच रही थी ?
(क) सूरज के संग (ख) लहरों के संग
(ग) बादलों के संग (घ) हवा के संग
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 किस की ताप से बूँद भाप बनकर आसमान में उड़ चली?
(क) वृक्षों की (ख) सूरज की
(ग) धरती की (घ) बादलों की
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 बूँद किसको देखकर उदास हुई ?
(क) खेतों को (ख) बगीचे के फूलों को
(ग) बागों के फलों को (घ) उपरोक्त सभी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 किसान क्यों उदास थे ?
(क) बूँद को देखकर (ख) सूरज को देखकर
(ग) सूखे खेतों को देखकर (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 बूँद का मन किसको देखकर पिघल गया ?
(क) पेड़ के (ख) किसान के
(ग) आम के (घ) फूलों के
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 बूँद फल वाली टहनी तक कैसे पहुँची ? क्रमानुसार बताओ
(क) पेड़ के तने ने उसे ऊपर खींच लिया।
(ख) पेड़ की जड़ में जा पहुँची।
(ग) मिट्टी में मिल गई।
(घ) तने से फल वाली टहनी तक जा पहुँची।
I क, ख, ग, घ II ख, क, ग, घ
III ग, ख, क, घ IV ख, ग, क, घ
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 बूँद कौन से फल के पेड़ की जड़ में पहुँची थी ?
(क) अमरूद (ख) अनानास
(ग) आम (घ) केला
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 किसान का मन किस को देखकर झूम उठा ?
(क) बूँद को (ख) खेत को
(ग) बाग को (घ) रसीले आमों को
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 बूँद अंत में कहाँ थी ?
(क) मिट्टी में (ख) तने में
(ग) रसीले आम में (घ) टहनी में
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 बाग-बगीचों, बड़े-बड़े, देश-देश में कौन सा चिह्न है?
(क) पूर्ण विराम (ख) योजक
(ग) अल्पविराम (घ) सम्बोधन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 खेत, पर्वत, लहर यह सब एकवचन हैं, इनके बहुवचन हैं - खेतों, पर्वतों, लहरों। इसी प्रकार आम का बहुवचन होगा?
(क) आमो (ख) आमों
(ग) अमो (घ) फलों
उत्तरः (ख)

प्रश्नः14 किसान बाग में आया तो रसीले आमों को देखकर उसका मन झूम उठा। ? उपरोक्त पंक्ति में 'मन झूम उठना' एक मुहावरा है। जब वह बाजार पहुँचा तो मीठे रसीले आम हाथों-हाथ बिक गए। इस पंक्ति में कौन सा मुहावरा है ?
(क) मीठे रसीले आम
(ख) आम हाथों-हाथ बिक गए
(ग) हाथों-हाथ बिकना
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 गलत युग्म छांटो ?
(क) सागर-लहरें (ख) सूरज - किरणें
(ग) पर्वत - चोटी (घ) धरती - आसमान
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 'ताकना' शब्द का सही अर्थ क्या है -?
(क) तकिया (ख) तिकोना
(ग) टकटकी लगाकर देखना (घ) तीन कोनों वाला
उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 सागर का पर्यायवाची है ?
(क) समुद्र (ख) नदी
(ग) तालाब (घ) नहर
उत्तरः (क)

प्रश्नः18 अलग छाँटो ?
(क) सोचते-सोचते (ख) बार-बार
(ग) देश-देश (घ) ऐसे-वैसे
उत्तरः (घ)

प्रश्नः19 बादल - गड़ - गड़
बिजली- कड़-कड़
मेंढ़क - टर्र-टर्र
हवा - ?
(क) फर - फर (ख) सर - सर
(ग) मर - मर (घ) गर - गर
उत्तरः (ख) सर-सर

प्रश्नः20 उत्साह का सही अर्थ क्या है ?
(क) साहस (ख) सारा
(ग) उतरना (घ) जोश
उत्तरः (घ)
प्रश्नः21 1. मीठे आम 2. सूखे खेत 3. हरे पेड़ 4. चमकीली बूँद ये सब रेखांकित शब्द क्या हैं ?
(क) क्रिया (ख) विशेषण
(ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम
उत्तरः (ख)

प्रश्नः22 हमारा राष्ट्रीय फल, जिसे फलों का राजा भी कहा जाता है, कौन-सा फल है ?
(क) केला (ख) आम
(ग) सेब (घ) पपीता
उत्तरः (ख)

प्रश्नः23 हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है ?
(क) पीपल (ख) नीम
(ग) बरगद (घ) आंवला
उत्तरः (ग)

प्रश्नः24 वृक्ष के समानार्थी नहीं हैं ?
(क) तरु (ख) पेड़
(ग) ऋतु (घ) विहप
उत्तरः (ग)

# पाठ-4 'मीठे बोल'

प्रश्नः1 खाजा, हलुआ, गट्टे गोल ये सब हैं -

(क) फल (ख) मिठाई

(ग) ताजा (घ) खाजा

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 सबसे मीठा क्या होता है ?

(क) आम (ख) पुआ

(ग) शक्कर पारा (घ) मीठे बोल

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 'मीठे बोल' कविता के कवि कौन हैं ?

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ख) सोहन लाल द्विवेदी

(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) जयशंकर प्रसाद

उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 'मीठे होते गन्ने गोल' गन्ने से निम्न चीज नहीं बनती?

(क) शक्कर (ख) खांड

(ग) गुड़ (घ) किशमिश

उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 कौन सा युग्म गलत है ?

(क) खाजा - एक मिठाई (ख) कुसली - गुझिया

(ग) शक्कर पारा - खुरमा (घ) सुहारी - दाख

उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 पूरा करो -

मीठा होता दाख छुहारा,

मीठा होता ---------।

मीठा होता रस का घोल,

(क) हलुआ ताजा (ख) जामुन काला

(ग) शक्कर पारा (घ) सुहारी पुआ

उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 निम्न में कौन सा पदार्थ तल कर नहीं बनाया जाता ?

(क) दाख (ख) खाजा

(ग) कुसली (घ) शक्कर पारा

उत्तरः (क)

प्रशनः 8 पूरा करो --

मीठी होती पुआ सुहारी,

मीठी होती कुसली न्यारी।

मीठे ---------------,

(क) गट्टे गोल (ख) गन्ने गोल

(ग) रस का घोल (घ) रसगुल्ले अनमोल

उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 खस्ता खाजा, जामुन काले, मीठे रसगुल्ले । इनमें खस्ता, काले, मीठे क्रमशः खाजा, जामुन, रसगुल्ले की विशेषता बता रहे हैं। ऐसे शब्द जो किसी की विशेषता बताते हैं उसे ------ कहते हैं ?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण

(घ) भाववाचक संज्ञा

उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 छुआरा किस फल को सुखाकर बनता है ?

(क) खजूर (ख) जामुन

(ग) चीकू (घ) बेर

उत्तरः (क)

प्रश्नः11 किशमिश किस फल को सुखाकर बनती है ?

(क) लीची (ख) अंगूर

(ग) संतरा (घ) नींबू

उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 हलुआ बनाने के लिए क्या नहीं चाहिए ?

(क) घी (ख) चीनी

(ग) आटा (घ) नमक

उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 ताजा शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) अभी बनाया हुआ (ख) ताज

(ग) तीन (घ) ताजमहल

उत्तरः (क)

# पाठ-5 'दिव्या की चिट्ठी'

प्रश्न:1 हम अपनी बात दूसरों तक कैसे पहुँचाते हैं ?
(क) पत्र द्वारा (ख) फोन द्वारा
(ग) अखबार द्वारा (घ) उपरोक्त सभी
उत्तर: (घ)

प्रश्न:2 पाठ के आधार पर बताओ कि इस बार दिव्या गरमी की छुट्टियों में कहाँ गई ?
(क) दादा-दादी के घर (ख) पापा के साथ
(ग) बुआ के घर (घ) कहीं नहीं गई
उत्तर: (ग)

प्रश्न:3 दिव्या ने चिट्ठी किस को लिखी ?
(क) दादा-दादी को (ख) बुआ को
(ग) मम्मी को (घ) पापा को
उत्तर: (घ)

प्रश्न:4 सोनू कौन था ?
(क) दिव्या के पापा (ख) दिव्या का भाई
(ग) कुत्ता (घ) बंदर
उत्तर: (ख)

प्रश्न:5 दिव्या को किस की याद आ रही थी ?
(क) दादा-दादी की (ख) सोनू की
(ग) पापा-मम्मी की (घ) गाय की
उत्तर: (ग)

प्रश्न:6 दिव्या ने अपने पापा से क्या लाने को कहा ?
(क) चाबी वाली कार
(ख) ताली बजाने वाला बंदर
(ग) गाय का बछड़ा
(घ) पटरी वाली रेल
क. केवल क और ख
ख. केवल क, ख और ग
ग. केवल क, ख और घ
घ. उपरोक्त सभी
उत्तर: (ग)

प्रश्न:7 पत्र लिखने के बाद पत्र को कहाँ डालते हैं ?
(क) पत्र-पेटी में (ख) बैंक में
(ग) रेलवे (घ) विद्यालय
उत्तर: (क)

प्रश्न:8 चिट्ठियाँ बांटने वाले को क्या कहते हैं ?
(क) कर्मचारी (ख) डाकिया
(ग) अध्यापक (घ) शिक्षक
उत्तर: (ख)

प्रश्न:9 सही शब्द छाँटो -
(क) प्रार्थना (ख) सविनय
(ग) दादि (घ) बूआ
उत्तर: (ख)

प्रश्न:10 जिन माध्यमों द्वारा हम अपने संदेश दूसरे तक पहुँचाते हैं और उनके संदेशों को लेते हैं, उन माध्यमों को कहते हैं-
(क) यातायात के साधन (ख) बात करने के साधन
(ग) संचार के साधन (घ) संदेशवाहक
उत्तर: (ग)

प्रश्न:11 दिव्या की कौन-सी चीज सोनू ने गुम कर दी थी ?
(क) चाबी वाली कार
(ख) गेंद (ग) पटरी वाली रेल
(घ) ताली बजाने वाला बंदर
उत्तर: (ख)

प्रश्न:12 पत्र-पेटी (लैटर-बॉक्स) के बाद वहाँ से चिट्ठी कहाँ जाती है ?
(क) डाकघर में (ख) रेलवे घर में
(ग) बैंक में (घ) स्कूल में
उत्तर: (क)

प्रश्न:13 जैसे दादा-दादी, पापा-मम्मी, चाचा-चाची, मामा-मामी, वैसे ही बुआ- ?
(क) बुई (ख) बाबा
(ग) फूफा (घ) नाना
उत्तर: (ग)

प्रश्न:14 जैसे नदी-नदियाँ, छुट्टी-छुट्टियाँ, खिलौना-खिलौने, ऐसे ही चिट्ठी - ?
(क) चिट्ठीयां (ख) चिट्ठियाँ
(ग) चीट्ठियां (घ) चीट्ठीयां
उत्तर: (ख)

# पाठ-6 'चींटी और मक्खी'

प्रश्नः1 'चींटी और मक्खी' कविता में भोली कौन है ?
(क) मक्खी (ख) चींटी
(ग) दोनों (घ) दोनों में से कोई नहीं
उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 ''जहाँ करे मन, मैं उड़ जाऊँ, जो जी में आए, सो खाऊँ'' कौन किससे कह रहा है?
(क) चींटी मक्खी से
(ख) मक्खी दूसरी मक्खी से
(ग) मक्खी चींटी से
(घ) मक्खी अपने आप से
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 कौन बिन मेहनत की दूध मलाई नहीं खाना चाहता ?
(क) चींटी (ख) मक्खी
(ग) कोई भी नहीं (घ) दोनों
उत्तरः (क)

प्रश्नः4 कौन हमेशा आदर पाता है ?
(क) जो बिना मेहनत के खाता है
(ख) जो मेहनत करके खाता है
(ग) जो दूध मलाई खाता है
(घ) जो भिन्न-भिन्न गीत सुनाता है
उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 जीवन भर कौन पछताता है ?
(क) जो दिन भर पचता मरता है
(ख) जो मेहनत का सूखा खाता है
(ग) जो मेहनत से कतराता है
(घ) जो सदा आदर पाता है
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 पूरा करो ...................., यह कहकर चींटी ---
(क) घबराई (ख) शरमाई
(ग) झल्लाई (घ) मुस्काई
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 मक्खी ने चींटी को क्या करने को कहा ?
(क) दिन भर काम करने को
(ख) आराम न करने को
(ग) मेहनत करने को
(घ) मिलकर बिना मेहनत के खाने को
उत्तरः (घ)

प्रश्नः8 मक्खी क्यों घबराई, शरमाई ?
(क) खाना न मिलने पर
(ख) चींटी के गीत न सुनाने पर
(ग) मेहनत से कतराने पर
(घ) आदर न पाने पर
क. केवल क ख. केवल ख और ग
ग. केवल ग और घ घ. उपरोक्त सभी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 'हाथ मले पछताए' का अर्थ --
(क) देर हो जाना (ख) मैल हटाना
(ग) हाथों को रगड़ना (घ) हाथ धोना
उत्तरः (क)

प्रश्नः10 'बहना' शब्द का पाठ के आधार पर अर्थ क्या है ?
(क) बहन (ख) पानी का बहना
(ग) बहम (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 मक्खी - भिन - भिन
घोड़ा - हिन-हिन
चिडियां - चीं-चीं
कुत्ता - ?
(क) हो-हो (ख) खो-खो
(ग) भौं-भौं (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 कतराना, पछताना, शर्माना, सिखाना (ये सब क्या हैं?)
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) क्रिया (घ) विशेषण
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 'मक्खी' का बहुवचन है -
(क) मम्खीयां (ख) मखी
(ग) मकिखयां (घ) मक्खियाँ
उत्तरः (घ)

# पाठ-7 'मेरी गुजरात यात्रा'

प्रश्नः1 हमारे प्रदेश का क्या नाम है ?
(क) भारत (ख) हिंदुस्तान
(ग) हरियाणा (घ) इंडिया
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 अमित को किस का बड़ा शौक था?
(क) यात्रा करने का (ख) पढ़ने का
(ग) आश्रम जाने का (घ) मंदिर जाने का
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 अमित गर्मियों की छुट्टियों में किसके पास गया ?
(क) मामा के (ख) चाचा के
(ग) गाँव में (घ) बुआ के
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 अमित के चाचा भारत के किस राज्य में रहते थे ?
(क) हरियाणा (ख) द्वारिका
(ग) सोमनाथ (घ) गुजरात
उत्तरः (घ)

प्रश्नः5 हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पहले किस प्रदेश के मुख्यमंत्री थे ?
(क) पंजाब (ख) उड़ीसा
(ग) गुजरात (घ) पानीपत
उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 अमित 15 अप्रैल, 2016 को रेलगाड़ी से कहां गया ?
(क) पंजाब (ख) द्वारिका
(ग) गुरूग्राम से गुजरात (घ) कहीं नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 गुजरात किसी की जन्मभूमि है ?
(क) अमित की (ख) नेहरु की
(ग) कृष्ण की (घ) गाँधी जी की
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 गुजरात नाम से अमित के आगे क्या घूमने लगा ?
(क) गाँधी जी के तीन बंदर
(ख) गाँधी जी का चश्मा
(ग) गाँधी जी का चरखा
(घ) गाँधी जी की लाठी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 अमित गुजरात में अपने चाचा जी के साथ सबसे पहले कहाँ गया ?
(क) पालिताणा (ख) सोमनाथ
(ग) द्वारिका (घ) साबरमती आश्रम
उत्तरः (घ)

प्रश्नः10 अमित 15 अप्रैल, 2016 को रेलगाड़ी से कहाँ गया ?
(क) पंजाब (ख) द्वारिका
(ग) गुरूग्राम से गुजरात (घ) कहीं नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 साबरमती आश्रम का संबंध किससे है ?
(क) नेहरु जी से (ख) महात्मा गाँधी से
(ग) शिवजी से (घ) जैनियों से
उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीड़ पराई जाणे रे' यह भजन गाँधी जी का प्रिय भजन था। इस भजन को लिखने वाले हैं ---
(क) अनूप जलोटा (ख) उदय भानू हंस
(ग) नरसी मेहता (घ) रमेश कुमार
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 श्री कृष्ण मथुरा से यहाँ --- आए थे और इस नगरी को अपनी राजधानी बनाया ?
(क) पालिताणा (ख) मथुरा
(ग) साबरमती (घ) द्वारिका
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 भारत के ----- धामों में से एक ------ है।
(क) 3, द्वारिका (ख) 5, हरिद्वार
(ग) 4, अमरनाथ (घ) 4, द्वारिका
उत्तरः (घ)

प्रश्नः15 द्वारिका में श्रीकृष्ण अपने किस मित्र से मिले थे ?
(क) संदीपन (ख) सुदामा
(ग) माधव (घ) बलराम
उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 गुजरात का लोकनृत्य कौन-सा है ?
(क) बिहू (ख) भंगड़ा
(ग) गरबा (घ) कत्थक
उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 सोमनाथ किस देवता का मंदिर है ?
(क) विष्णु (ख) ब्रहा
(ग) शिव (घ) इंद्र

उत्तरः (ग)

प्रश्नः18 गुजरात में पालिताणा ------- का प्रसिद्ध तीर्थ है ?
(क) मुसलमानों (ख) हिन्दुओं
(ग) सिक्खों (घ) जैनियों
उत्तरः (घ)

प्रश्नः19 ढोकला, खांडवी, फाफड़ा, श्रीखंड आदि नाम हैं ---।
(क) गुजरात के तीथ स्थानों के
(ख) गुजराती नृत्य के
(ग) गुजराती व्यंजनों/ पकवानों के
(घ) आश्रमों के
उत्तरः (ग)

प्रश्नः20 अमित की बहन को कौन सा रंग पसंद था ?
(क) हरा (ख) पीला
(ग) नीला (घ) लाल
उत्तरः (ख)

प्रश्नः21 गुजरात की स्त्रियों का अधिकतर पहनावा कैसा है ?
(क) सलवार कमीज (ख) पैंट शर्ट
(ग) साड़ी (घ) लहँगा, ओढ़नी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः22 गुजरात के पुरुषों की वेशभूषा कैसी है ?
(क) पैंट शर्ट (ख) धोती पगड़ी
(ग) कुर्ता पायजामा (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ख)

प्रश्नः23 गुजरात भारत का एक राज्य है। भारत में कुल कितने राज्य हैं ?
(क) 29 (ख) 28
(ग) 21 (घ) 27
उत्तरः (क)

प्रश्नः24 गलत युग्म छांटिए -
(क) गुजरात - गरबा, डांडिया
(ख) पंजाब - भंगड़ा, गिद्दा
(ग) हरियाणा - रागिनी,
(घ) असोम - बिहू
उत्तरः (ग)

प्रश्नः25 'भ्रमण' का सही अर्थ है ----
(क) भँवरा (ख) भौंरा
(ग) यात्रा (घ) भागना

उत्तरः (ग)

प्रश्नः26 साबरमती आश्रम का नाम गुजरात की किस नदी पर है ?
(क) सबुरा (ख) साबरमती
(ग) साबरा (घ) साबरमन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः27 गाँधी जी का जन्म 2 अक्तूबर, 1869 को गुजरात के ------ में हुआ ?
(क) भुज (ख) पोरबंदर
(ग) कच्छ (घ) गोधरा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः28 गलत वर्तनी बताओ --
(क) प्रसिद्ध (ख) भ्रमण
(ग) नृत्य (घ) वेशभूशा
क. केवल क ख. केवल क और ग
ग. केवल क और घ घ. केवल ग और घ
उत्तरः (घ)

प्रश्नः29 अमित रेलगाड़ी में गुरुग्राम से अहमदाबाद गया। जिन साधनों के द्वारा हम एक स्थान से दूसरे स्थान तक आते और जाते हैं उन्हें ----- कहते हैं ?
(क) संचार के साधन (ख) यातायात के साधन
(ग) बस (घ) गाड़ी
उत्तरः (ख) या
प्रश्न30: अमित रेलगाड़ी से गुरुग्राम से अहमदाबाद गया और किन साधनों द्वार हम एक स्थान से दूसरे स्थानों पर जा सकते हैं ?
(क) हवाई जहाज (ख) बस
(ग) कार (घ) उपरोक्त सभी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः31 पंजाब, हरियाणा की राजधानी चण्डीगढ़ है, इसी प्रकार गुजरात की राजधानी क्या है ?
(क) अहमदाबाद (ख) द्वारिका
(ग) गांधीनगर (घ) भुज
उत्तरः (ग)

# पाठ-8 'भाईचारा'

प्रश्नः1 पालतू पशु होते हैं --

(क) जो जंगल में रहते हैं

(ख) जिन्हें हम घर में पाल (रख) सकते हैं

(ग) जो सिर्फ दूध देते हैं

(घ) जो खेतों में काम आते हैं

उत्तरः (ख)

प्रश्नः2 बड़े खरगोश का रंग कैसा है ?

(क) सफेद (ख) सुनहरा

(ग) मटमैला (घ) सफेद काला

उत्तरः (क)

प्रश्नः3 छोटे खरगोश का रंग कैसा था ?

(क) सफेद (ख) लाल

(ग) सुनहरा (घ) भूरा

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 सफेद खरगोश क्या करता था ?

(क) बाजार जाकर फल और सब्जियाँ बेचता था

(ख) फल और सब्जियाँ उगाता था

(ग) मकान में रहता था

(घ) सब्जियाँ उगाता और बाजार में बेचता था

उत्तरः (ख)

प्रश्नः5 सुनहरा खरगोश बाजार से क्या लाता था ?

(क) गाजर, पालक, पत्ता गोभी

(ख) फल, फूल और सब्जियां

(ग) खाद, दवाइयाँ, और खाने पीने का सामान

(घ) उपरोक्त सभी

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 दोनों खरगोश भाइयों में आपस में बहुत --- था ?

(क) बैर (ख) घृणा

(ग) नफरत (घ) प्यार

उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 सफेद खरगोश को सबसे पहले कौन मिला ?

(क) बिल्ली का बच्चा (ख) चूहा

(ग) नेवला (घ) कुत्ते का बच्चा

उत्तरः (क)

प्रश्नः8 सुनहरे खरगोश को दूसरी बार कौन मिला?

(क) नेवला (ख) पिल्ला

(ग) बिल्ली का बच्चा (घ) कोई नहीं

उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 सफेद खरगोश को कौन पहले व कौन बाद में मिला ? क्रमानुसार लगाएं।

(क) पिल्ला, नेवला, खरगोश

(ख) नेवला, पिल्ला, बिल्ली का बच्चा

(ग) बिल्ली का बच्चा, पिल्ला, नेवला

(घ) पिल्ला, बिल्ली का बच्चा

उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 खरगोश की फसल कौन बर्बाद करने लगा ?

(क) सुनहरा खरगोश (ख) नेवला

(ग) चूहा (घ) पिल्ला

उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 खरगोश ने खेत में क्या बोया ?

(क) ककड़ी (ख) खरबूजा

(ग) तरबूज (घ) सब्जियां

उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 खरगोश के खरबूजे कौन खाता और ले जाता था ?

(क) चूहा (ख) सियार

(ग) साँप (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 खरगोश को काले साँप से किसने बचाया ?

(क) पिल्ले ने (ख) चूहे ने

(ग) नेवले ने (घ) सुनहरे खरगोश ने

उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 आखिर में सफेद खरगोश के तीन नए भाई और कौन बन गए ?

(क) सियार, साँप, कुत्ता

(ख) नेवला, सुनहरा खरगोश, बिल्ली का बच्चा

(ग) बिल्ली का बच्चा, चूहा, नेवला

(घ) बिल्ली का बच्चा, पिल्ला, नेवला

उत्तरः (घ)

प्रश्नः15 खाली स्थान भरो :-

जिसका कोई न हो (रखवाला) - अनाथ

जिसका कोई (देखभाल, रखवाला हो) - सनाथ

सोने जैसे रंग वाला - सुनहरा

मिट्टी के बर्तन बनाने वाला - ............

(क) लुहार (ख) सुनार

(ग) कुम्हार (घ) तुषार

उत्तरः (ग)

प्रश्नः16 गाजर, पालक, गोभी, पत्ता गोभी ये सब हैं --

(क) सब्जियाँ (ख) फल

(ग) साग (घ) मसालें

उत्तरः (क)

# पाठ-9 'चाँद का कुरता'

प्रश्नः1 'चाँद का कुरता' कविता में रचयिता कौन हैं ?
(क) उदयभानु हंस (ख) रवीन्द्र नाथ टैगोर
(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' (घ) मैथिली शरण गुप्त
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 आसमान में चाँद कब नज़र नहीं आता है ?
(क) पूर्णिमा को (ख) हर रोज
(ग) अमावस्या को (घ) कभी-कभी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 चाँद किसकी रोशनी से चमकता है ?
(क) धरती की (ख) सूरज की
(ग) पृथ्वी की (घ) अपनी
उत्तरः (ख)

प्रश्नः4 चाँद किस से हठ कर रहा था ?
(क) माता से (ख) नानी से
(ग) मामा से (घ) बाबा से
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 चाँद अपनी माता से किस बात का हठ कर रहा था ?
(क) झिंगोले का (ख) झूलने का
(ग) पैंट का (घ) खिलौने का
उत्तरः (क)

प्रश्नः6 चाँद झिंगोला सिलवाने की जिद्द क्यों करता है ?
(क) उसका झिंगोला पुराना हो गया
(ख) उसका झिंगोला फट गया
(ग) उसे सारी रात ठंड लगती है
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 चाँद को कौन सा सफर करना है ?
(क) आसमान का (ख) तारों का
(ग) जाड़े का (घ) भगवान का
उत्तरः (क)

प्रश्नः8 झिंगोला किस चीज का बना होता है ?
(क) सूती कपड़े का (ख) ऊन का
(ग) रेशम का (घ) हीरे, सोने का
उत्तरः (ख)

प्रश्नः9 चाँद के नए कुरते की जगह फिर अपनी मां से क्या मांगा ?
(क) चादर (ख) खिलौना
(ग) जादू (घ) भाड़े का कुरता
उत्तरः (घ)

प्रश्नः10 चाँद की झिंगोले की बात सुनकर मां ने क्या उत्तर दिया ?
(क) मेरे पास रुपये नहीं हैं
(ख) तुझ पर किसी ने जादू टोना कर दिया है
(ग) तेरा एक नाप कभी नहीं रहता
(घ) तूं मेरी बात नहीं मानता
उत्तरः (ग)

प्रश्नः11 चाँद पूरा गोल कब दिखाई देता है ?
(क) अमावस्या के दिन
(ख) पूर्णिमा के दिन
(ग) चौथे दिन
(घ) दसवें दिन
उत्तरः (ख)

प्रश्नः12 जिस प्रकार पृथ्वी सूर्य के गिर्द चक्कर लगाती है उसी प्रकार चाँद चक्कर लगाता है --
(क) सूर्य के गिर्द (ख) बुध के गिर्द
(ग) पृथ्वी के गिर्द (घ) शनि के गिर्द
उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 गलत अर्थ बताओ -
(क) झिंगोला - झबला
(ख) ठिठुर - ठिठुर कर - काँपकर
(ग) सफर - यात्रा
(घ) भाड़े का - बर्तन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 हवा - सन - सन
बादल - गड़ - गड़
बिजली - ?
(क) बड़ - बड़ (ख) कड़ - कड़
(ग) धर्र - धर्र (घ) टर - टर
उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 घटता - बढ़ता, कम - ज्यादा । ये शब्द एक दूसरे से उलटे अर्थ बताते हैं इसी प्रकार निम्न में से कौन सा सही है ?
(क) आगे - पीछे (ख) ऊपर - नीचे
(ग) आना - जाना (घ) सरदी - गरमी
क. केवल क और ख ख. केवल ग और घ
ग. केवल क, ख और ग घ. सभी सही हैं।

उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 चाँद के घटते-बढ़ते आकार को क्या कहते हैं ?

(क) कम ज्यादा होना (ख) मोटा पतला होना

(ग) चाँद की कलाएँ (घ) पृथ्वी की कलाएँ

उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 पंक्तियां पूरी करो --

घटता बढ़ता रोज़ किसी दिन ऐसा भी करता है,
नहीं किसी की भी आँखों को दिखलाई पड़ता है।
अब तू ही बता ------------------,
सी दें एक झिंगोला जो हर रोज बदन में आए।

(क) लगे न तुझको जादू-टोने

(ख) कभी एक अंगुल भर चौड़ा

(ग) कभी एक फुट मोटा

(घ) नाप तेरा किस रोज लिवाएँ

उत्तरः (घ)

प्रश्नः18 चाँद को चंद्रमा, शशि और ------- भी कहते हैं।

(क) बुध (ख) वीर

(ग) सोम (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ग)

# पाठ-10 'कर्म की जीत'

प्रश्नः1 अगर दुनिया को बनाने वाले देवता ब्रह्मा हैं तो वर्षा के देवता हैं ---
(क) शिव (ख) विष्णु
(ग) गरुढ़ (घ) इंद्र
उत्तरः (घ)

प्रश्नः2 इंद्र जल बरसाने के लिए किस को आदेश देते हैं ?
(क) मेघों को (ख) खेतों को
(ग) धरती को (घ) पशुओं को
उत्तरः (क)

प्रश्नः3 इंद्र देवता ने मेघों को कहाँ बंद कर दिया ?
(क) कुएँ में (ख) गुफा में
(ग) महल में (घ) जंगल में
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 इंद्र क्यों नाराज हो गए थे ?
(क) क्योंकि मेघ उनकी बात नहीं मानते थे
(ख) क्योंकि धरती पर खेती फलती-फूलती थी
(ग) क्योंकि धरती के प्राणी उन्हें याद नहीं करते थे
(घ) क्योंकि उनका सारा जल खत्म हो गया था
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 वर्षा होने पर क्या होता है ?
(क) पशु पक्षी आनंदित होते हैं
(ख) सभी जीवों की प्यास बुझती है
(ग) धरती पर खेती फलती-फूलती है
(घ) उपरोक्त सभी
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 आषाढ़, सावन, भादों ये सब नाम हैं -
(क) देवताओं के (ख) मेघों के
(ग) महीनों के (घ) प्राणियों के
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 किसान और उसके बेटों ने पानी न बरसने पर क्या किया ?
(क) थक कर बैठ गए (ख) खेतों में हल चलाया
(ग) इंद्र से नाराज हो गए (घ) मेंढ़क को बुलाया
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 किसान को काम करता देख, फिर किसने अपना काम करना शुरू किया ?
(क) इंद्र ने (ख) मोर ने
(ग) मेंढकी ने (घ) किसी ने नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 मेंढकी ने मोर की बात का क्या जवाब दिया ?
(क) कुछ जवाब नहीं दिया
(ख) तुम अपना काम देखो
(ग) भला मैं अपना कर्म क्यों छोड़ूं
(घ) मोर से बात नहीं की
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 मोर ने अपनी कैसी आवाज गूँजा दी ?
(क) टर्र-टर्र (ख) म्याऊं - म्याऊं
(ग) बू -बू (घ) पिहू -पिहू
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 किसान, मेंढ़क और मोर ने अपना काम क्यों नहीं छोड़ा ?
(क) क्योंकि उनका कर्म करना ही सबसे महत्वपूर्ण था
(ख) क्योंकि वर्षा होने लगी थी
(ग) क्योंकि आकाश में बादल घिर आए थे
(घ) क्योंकि सब (अन्य लोग) अपना काम कर रहे थे
उत्तरः (क)

प्रश्नः12 इंद्र की आँखे कैसे खुली ?
(क) मोर की बात सुनकर
(ख) किसान की बात सुनकर
(ग) मेंढ़क की बात सुनकर
(घ) सबकी (मोर, मेंढ़क, किसान की) बातें सुनकर
उत्तरः (घ)

प्रश्नः13 आखिर में किस की जीत हुई ?
(क) इंद्र की (ख) मेघों की
(ग) किसान की (घ) कर्म की
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 जिस प्रकार 'कुरान' मुसलमानों की पवित्र पुस्तक का नाम है उसी प्रकार हिन्दुओं की पवित्र पुस्तक का नाम है --
(क) गुरु ग्रंथ साहिब (ख) गीता
(ग) बाईबल (घ) जेंद अवेस्तो
उत्तरः (ख)

प्रश्नः15 जनवरी, फरवरी, मार्च ये सब अंग्रेजी में महीनों के नाम हैं और आषाढ़, सावन, भादों देशी महीनों के नाम हैं। भादों के बाद कौन सा महीना आता है ?
(क) चैत्र (ख) ज्येष्ठ
(ग) आश्विन (घ) आषाढ
उत्तरः (ग)

प्रश्नः16 गलत आवाज बताओ --

(क) कुत्ता - भौं - भौं (ख) मोर - पिहू - पिहू
(ग) मेंढ़क - टर्र - टर्र (घ) तोता - चूं-चूं

उत्तरः (घ)

# पाठ-11 'पहेलियां'

प्रश्नः1 वो क्या चीज है जो हवा में लटकाने पर सदा उत्तर-दक्षिण दिशा बताती है और लोहे को अपनी ओर खींचती है?

(क) सोना (ख) चांदी
(ग) चुम्बक (घ) तांबा

उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल ये सब हैं --

(क) बर्तन (ख) जेवर
(ग) कपड़े (घ) धातु

उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 नाक पर चढ़ा कर कौन सी चीज हमें पढ़ने और वस्तुओं को साफ देखने में मदद करती है ?

(क) नथ (ख) पेंसिल
(ग) चश्मा (घ) कोका

उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 रात को बिना धरती पर आए दुनिया भर की सैर कौन करता है जो सुबह होने पर चला जाता है ?

(क) चाँद (ख) भगवान
(ग) सूरज (घ) देवता

उत्तरः (क)

प्रश्नः5 पूर्व - पश्चिम कभी न जाऊँ (दो दिशाओं के नाम) ------ सदा जाऊँ मैं (दो अन्य दिशाओं के नाम हैं ----- ) ?

(क) पश्चिम-उत्तर (ख) उत्तर-पूर्व
(ग) उत्तर-दक्षिण (घ) दक्षिण-पश्चिम

उत्तरः (ग)

प्रश्नः6 पहेली में गन्ने की क्या विशेषता बताई गई है?

(क) खारे पानी की (ख) मीठे पानी की
(ग) बड़ी लाठी की (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तरः (ख)

प्रश्नः7 कांटों के बीच रहकर भी कौन खुशबू बिखेरता है ?

(क) गुलाब (ख) गेंदा
(ग) चमेली (घ) सूरजमुखी

उत्तरः (क)

प्रश्नः8 ऐसी कौन सी चीज है जो दो अक्षर की है और उलटे जाने पर नाच दिखाती है ?

(क) मिर्च (ख) गोभी
(ग) चना (घ) रोटी

उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 सोना-चाँदी नहीं काम का, लोहे को मैं पास बुलाऊँ। उसमें लोहा, सोना-चाँदी धातु है। निम्न में से कौन सी धातु है-

(क) पीतल (ख) ताँबा
(ग) जस्ता (घ) उपरोक्त सभी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः10 सूरज किस दिशा में अस्त होता है ?

(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण

उत्तरः (ख)

प्रश्नः11 चाँद की तरह कौन सी धातु चमकती है?

(क) पीतल (ख) सोना
(ग) चाँदी (घ) स्टील

उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 तीन अक्षर का मेरा नाम उल्टा सीधा एक समान। तो मेरा नाम बताओ क्या है ?

(क) गरम (ख) रमन
(ग) कनक (घ) चमन

उत्तरः (ग)

प्रश्नः13 'उत्तर' का एक अर्थ है 'दिशा'। इसका दूसरा अर्थ है

(क) जवाब (ख) उतर जाना
(ग) ऊपर (घ) तरजाना

उत्तरः (क)

प्रश्नः14 'जाड़े में सोना' (प्रस्तुत पाठ के संदर्भ में) का अर्थ है

(क) रजाई से बाहर न निकलना
(ख) कुंभकर्ण की तरह सोना
(ग) जोड़ कर सोना
(घ) बंद हो जाना

उत्तरः (क)

प्रश्नः15 हमारा राष्ट्रीय पुष्प है?

(क) गुलाब (ख) कमल
(ग) चमेली (घ) सदाबहार

उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 'सिर की उलझन को सुलझाकर' रेखांकित शब्द का विलोम होगा -

(क) समझकर (ख) सुलझाना
(ग) उलझाकर (घ) सुलह करवाना

उत्तरः (ग)

प्रश्नः17 लोहा खींचू ऐसी ताकत है,
पर रबड़ मुझे हराता है,
खोई सूई को मैं पा लेता हूँ,
मेरा खेल निराला है।

(क) काँच (ख) चुंबक
(ग) जंजीर (घ) पत्थर

उत्तरः (ख)

प्रश्नः18 गर्मी में तुम मुझको पीते,
मुझको पीना हरदम चाहते,
मुझसे प्यार बहुत करते हो,
पर भाप बनूँ तो डरते भी हो। बताओ मैं हूँ कौन ?

(क) हवा (ख) गैस
(ग) पानी (घ) पदार्थ

उत्तरः (ग)

प्रश्नः19 तुम न बुलाओ मैं आ जाऊँगी,
न भाड़ा न किराया दूँगी,
घर के हर कमरे में रहूँगी,
पकड़ न मुझको तुम पाओगे,
मेरे बिन न तुम रह पाओगे,
बताओ मैं कौन हूँ।

(क) बिजली (ख) रस्सी
(ग) हवा (घ) बरसात

उत्तरः (ग)

# पाठ–12 ‘............’

प्रश्नः1 सावन के महीने में आने वाला त्योहार कौन सा है?
(क) ईद (ख) दीवाली
(ग) तीज (घ) होली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः2 तीज का त्योहार कब मनाया जाता है?
(क) कार्तिक में शुक्ल पक्ष की तृतीया
(ख) फागुन में शुक्ल पक्ष की तृतीया
(ग) सावन में शुक्ल पक्ष की तृतीया
(घ) ज्येष्ठ में शुक्ल पक्ष की तृतीया
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 इनमें से कौन सावन मास की पहचान नहीं है?
(क) वर्षा की फुहारें (ख) झूले डालना
(ग) पटाखे फोड़ना (घ) खेतों की हरियाली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 पाठ में प्रयुक्त “डाला रोकना” का अभिप्राय है –
(क) झूले के लिए टहनी रोकना
(ख) झूला डालना
(ग) सामान डालने से रोकना
(घ) डाली को पकड़ना
उत्तरः (क)

प्रश्नः5 लड़कियाँ विवाह के बाद पहली तीज कहाँ मनाती हैं ?
(क) पति के घर (ख) मां के घर
(ग) सहेली के घर (घ) रिश्तेदारों के घर
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 तीज के त्योहार पर ससुराल से आने वाले सामान को क्या कहते हैं ?
(क) सिंधारा (ख) संहारा
(ग) सिधारा (घ) सधारा
उत्तरः (क)

प्रश्नः7 भाई अपनी बहन के घर तीज के अवसर पर जो सामान लेकर जाता है उसे क्या कहते हैं ?
(क) उपहार (ख) सिंधारा
(ग) कोथली (घ) दहेज
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 तीज के अवसर पर इनमें से कौन सा पकवान (पाठ के आधार पर ) नहीं बनाया जाता है ?
(क) सेवइयाँ (ख) खीर
(ग) गुलगुले (घ) दही–भल्ले
उत्तरः (घ)

प्रश्नः9 तीज पर चारों और आसमान में क्या दिखाई देता है ?
(क) बादल (ख) पक्षी
(ग) रंग-बिरंगी पतंगें (घ) हवाई जहाज
उत्तरः (ग)

प्रश्नः10 ‘पपीहा’ शब्द का अर्थ है –
(क) पक्षी (ख) पपीता
(ग) एक प्रकार का फल (घ) पीपा
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 निम्नलिखित में से कौन–सा आंचलिक शब्द नहीं है ?
(क) सामण (ख) झूलन
(ग) पतंग (घ) कोथली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 तीज के दिन हाथों पर क्या लगाया जाता है ?
(क) मेहंदी (ख) रंग
(ग) हल्दी (घ) तेल
उत्तरः (क)

प्रश्नः13 ‘आसमान’ शब्द का पर्यायवाची है –
(क) आसमानी (ख) असान
(ग) समान (घ) गगन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः14 झूलों पर रंग-बिरंगी ओढ़नियाँ लहराती हैं। रेखांकित शब्द क्या है ?
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) विशेषण (घ) क्रिया विशेषण
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 जिस प्रकार गोबर के उपले रखने का स्थान – गोहारा चारा काटने का स्थान – चाराघर
उसी प्रकार अनाज रखने का स्थान – ?
(क) चौपाल (ख) गुठला
(ग) बाड़ा (घ) कोई नहीं
उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 जिस प्रकार घेवर, फीरनी तीज की पहचान है, क्रिसमिस की पहचान केक है। उसी प्रकार गणेश चतुर्थी की पहचान ---- है।
(क) बर्फी (ख) जलेबी
(ग) लड्डू (घ) खीर
उत्तरः (ग)

# पाठ-13 ‘चुहिया का विवाह’

प्रश्नः1 भारत की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?
(क) गंगा (ख) यमुना
(ग) सरस्वती (घ) गोदावरी
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 गंगा नदी कहाँ पर नहीं हैं ?
(क) प्रयाग (ख) हरिद्वार
(ग) वाराणसी (घ) दिल्ली
उत्तरः (घ)

प्रश्नः3 आचमन शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) चम्मच (ख) चमन
(ग) हथेली में जल पीना (घ) आंच का मन
उत्तरः (ग)

प्रश्नः4 ‘स्त्री’ शब्द का बहुवचन है -
(क) स्त्रीयां (ख) स्त्रिया
(ग) स्त्रियाँ (घ) स्त्रीयां
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 सूर्य की रोशनी से हमें कौन सा विटामिन मिलता है ?
(क) विटामिन A (ख) विटामिन D
(ग) विटामिन B (घ) विटामिन C
उत्तरः (ख)

प्रश्नः6 ऋषि की हथेली पर कौन गिरा ?
(क) मक्खी (ख) मछली
(ग) चींटी (घ) चुहिया
उत्तरः (घ)

प्रश्नः7 ऋषि ने यंत्रबल से चुहिया को क्या बना दिया ?
(क) साँप (ख) लड़की
(ग) मछली (घ) सूर्य
उत्तरः (ख)

प्रश्नः8 सूर्य ने अपने से बड़ा किसे बताया ?
(क) बादल (ख) हवा
(ग) पहाड़ (घ) कुआँ
उत्तरः (क)

प्रश्नः9 ‘बलवान’ शब्द का स्त्रीलिंग होगा -
(क) बलवती (ख) बालवती
(ग) बलवंती (घ) बलवानी
उत्तरः (क)

प्रश्नः10 पिता जी यह कठोर और अचल है। रेखांकित शब्द क्या है ?
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) क्रिया (घ) विशेषण
उत्तरः (घ)

प्रश्नः11 चुहिया ने किसके साथ विवाह किया ?
(क) सूर्य के साथ
(ख) पवन देव के साथ
(ग) पहाड़ के साथ
(घ) चूहों के राजा के साथ
उत्तरः (घ)

प्रश्नः12 ‘अचल’ शब्द का अर्थ है -
(क) जो काम न करता हो
(ख) जो अपनी जगह स्थिर हो
(ग) जो चल सके
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 ऋषि ने चुहिया को कन्या कैसे बनाया ?
(क) मंत्रबल से (ख) नकली बाल लगाकर
(ग) जादू से (घ) कपड़े पहनाकर
उत्तरः (क)

प्रश्नः14 चुहिया का पुल्लिंग -
(क) चुहिया (ख) चूही
(ग) चूहा (घ) चुहा
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 बादल का पर्यायवाची नहीं है --
(क) मेघ (ख) घन
(ग) जलद (घ) पवन
उत्तरः (घ)

प्रश्नः16 पवन का पर्यायवाची है --
(क) अनिल (ख) अनल
(ग) वन (घ) कोई नहीं
उत्तरः (क)

प्रश्नः17 किसने किसको कहा - मुझसे बढ़कर चूहा है, जो अपनी ताकत से मुझे छेद डालता है ?
(क) लड़की ने ऋषि से (ख) पवन देव ने ऋषि से
(ग) सूर्य देव ने ऋषि से (घ) पहाड़ ने ऋषि से
उत्तरः (घ)

प्रश्नः18 तीनों लोकों को रोशनी कौन देता है ?

(क) सूर्य (ख) चंद्रमा

(ग) वायु (घ) ग्रह

उत्तरः (क)

प्रश्नः19 सही युग्म छाँटो -

(क) तट -किनारा (ख) संतान - औलाद

(ग) चपल - चंचल (घ) योग्य - लायक

क. केवल ख

ख. केवल क

ग. केवल ग और घ

घ. उपरोक्त सभी

उत्तरः (घ)

प्रश्नः20 लड़की को अंत में कौन पसंद आया ?

(क) बादल (ख) चूहा

(ग) सूर्य (घ) पवन देव

उत्तरः (ख)

# पाठ-14 'यह मेरा हरियाणा'

प्रश्नः1 हमारे देश का क्या नाम है ?
(क) भारत (ख) चीन
(ग) अमेरिका (घ) पंजाब
उत्तरः (क)

प्रश्नः2 हमारे राज्य का क्या नाम है ?
(क) चंडीगढ़ (ख) दिल्ली
(ग) हरियाणा (घ) अंबाला
उत्तरः (ग)

प्रश्नः3 हरियाणा के लोगों का पहनावा कैसा है ?
(क) सीधा-सादा (ख) रंग-बिरंगा
(ग) उल्टा-सीधा (घ) अच्छा
उत्तरः (क)

प्रश्नः4 यहां के लोग कैसे हैं ?
(क) लड़ाकू (ख) झगड़ालू
(ग) हट्टे-कट्टे (घ) कमजोर
उत्तरः (ग)

प्रश्नः5 हरियाणा के लोगों का मुख्य भोजन क्या है ?
(क) दूध-मलाई (ख) खीर-पूड़ी
(ग) रस-मलाई (घ) दूध-दही
उत्तरः (घ)

प्रश्नः6 हरियाणा के छोरे कैसे हैं ?
(क) डरपोक (ख) कायर
(ग) मर्द-मुछैल (घ) हठी
उत्तरः (ग)

प्रश्नः7 'पनघट- शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) पाँच घड़े (ख) बादल
(ग) पानी भरने का स्थान (घ) पहाड़
उत्तरः (ग)

प्रश्नः8 'नीर' शब्द का पर्यायवाची नहीं है -
(क) जल (ख) पानी
(ग) नया (घ) वारि
उत्तरः (ग)

प्रश्नः9 खेत कमाने का क्या अर्थ है ?
(क) खेत में काम करना (ख) पैसे कमाना
(ग) खेत खरीदना (घ) खेत में पानी देना
उत्तरः (क)

प्रश्नः10 हरियाणा के लोगों की पगड़ी कैसी है ?
(क) पेंचों वाली (ख) घुमावदार
(ग) टेढ़ी-मेढ़ी (घ) उल्टी-सीधी
उत्तरः (क)

प्रश्नः11 अर्जुन को गीता का उपदेश किसने दिया ?
(क) संजय ने (ख) भीम ने
(ग) कृष्ण ने (घ) घृतराष्ट्र ने
उत्तरः (ग)

प्रश्नः12 अर्जुन को गीता का उपदेश कहाँ दिया गया ?
(क) पानीपत (ख) कुरुक्षेत्र
(ग) दिल्ली (घ) हरिपुर
उत्तरः (ख)

प्रश्नः13 पांडवों में सबसे बलशाली कौन था ?
(क) अर्जुन (ख) नकुल
(ग) भीम (घ) सहदेव
उत्तरः (ग)

प्रश्नः14 हरियाणा की स्त्रियाँ कैसी हैं ?
(क) शर्मीली (ख) आलसी
(ग) घूंघट वाली (घ) साड़ी वाली
उत्तरः (ग)

प्रश्नः15 पाठ में खेत में काम आने वाले कौन से औजार का प्रयोग किया गया है ?
(क) कस्सी (ख) हल
(ग) गंडासा (घ) मंडासा
उत्तरः (ख)

प्रश्नः16 पाठ में प्रयुक्त 'छोरे' शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) लड़का (ख) वृद्ध
(ग) लड़की (घ) छाल
उत्तरः (क)

प्रश्नः17 हरियाणा में कितने जिले हैं ?
(क) 21 (ख) 22
(ग) 20 (घ) 18
उत्तरः (ख)

प्रश्नः18 हरियाणा का 22वाँ जिला कौन सा बना है ?
(क) पलवल (ख) मेवात
(ग) चरखी दादरी (घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (ग)

प्रश्नः19 पूरा करो

भीम बली से वीरों वाला,<br>
-------------------।<br>
गीता का उपदेश दिया जो,<br>
सुना सभी ने जाना।

(क) मार मंडासा खेत कमावें<br>
(ख) गले तबीजी काले डोरे<br>
(ग) हट्टे-कट्टे लोग यहां के<br>
(घ) अर्जुन के से तीरों वाला

उत्तरः (घ)

प्रश्नः20 गलत युग्म छाँटों --

(क) बीर - औरत<br>
(ख) पनघट - पानी भरने का स्थान<br>
(ग) बाणा - तीर<br>
(घ) उपदेश - सीख

क. केवल क ख. केवल ग<br>
ग. केवल घ घ. केवल ख

उत्तरः (ख)